संख्या 55/2016/509/41-2016-91 यो0/15

प्रेषक,

नवनीत सहगल,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ दिनांक 22 अप्रैल, 2016

विषय:- आगरा में ताजमहल के पूर्वी गेट के निकट स्थित शिल्पग्राम को ध्वस्तीकरण के उपरान्त नये सिरे से ताज ओरिएन्टेशन सेन्टर, शिल्पग्राम के निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय

आगरा में ताजमहल के पूर्वी गेट के निकट स्थित शिल्पग्राम को ध्वस्तीकरण के उपरान्त नये सिरे से ताज ओरिएन्टेशन सेन्टर, शिल्पग्राम के निर्माण के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश संख्या 118/2015/1894/41-2015-91 यो0/15, दिनांक 11 अगस्त, 2015 के क्रम में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 28.04.2015 को सम्पन्न हुई बैठक में शिल्पग्राम के नए सिरे से निर्माण हेतु उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा कान्सेप्ट डिजाइन एवं ड्राइंग का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया था। तद्क्रम में राजकीय निर्माण निगम द्वारा रू0 25139.81 लाख का आगणन गठित कर उपलब्ध कराया गया। दिनांक 02 जुलाई, 2015 को ताज ओरिएन्टेशन सेन्टर शिल्पग्राम परियोजना के निर्माण हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा रू0 22647.98 लाख के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुए कार्यदायी संस्था को परियोजना के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी0पी0आर0) प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये तथा विभाग को परियोजना में प्रयुक्त उच्च विशिष्टियों के सन्दर्भ में सक्षम स्तर से अनुमोदन/निर्देश प्राप्त करने की अपेक्षा की गयी।

2- व्यय वित्त समिति के निर्देश के क्रम में परियोजना के क्रियान्वयन हेतु प्रारम्भिक लागत, विशिष्टियों, स्टेट लेवल व फील्ड लेवल कमेटियों के गठन, बजट प्रबन्धन व उद्योग विभाग की रिक्त भूमि नि:शुल्क प्राप्त किये जाने हेतु दिनांक 04.08.2015 को सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करते हुए दिनांक 11.08.2015 को शासनादेश निर्गत किया गया। तद्क्रम में दिनांक 04.08.2015 को निम्नलिखित निर्णय लिये गये:-

3- दिनांक 02.07.2015 को व्यय वित्त समिति की अपेक्षानुसार कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम द्वारा रू0 29928.29 लाख का डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया गया। उक्त डी0पी0आर0 के परीक्षणोपरान्त व्यय वित्त समिति द्वारा परियोजना की लागत रू0 23185.26 लाख अनुमोदित करते हुए परियोजना में प्रयुक्त उच्च विशिष्टियों पर सक्षम स्तर से अनुमोदन के निर्देश दिये गये।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- आगरा में ताजमहल के पूर्वी गेट के निकट स्थित शिल्पग्राम को ध्वस्तीकरण के उपरान्त नये सिरे से ताज ओरिएन्टेशन सेन्टर**,** शिल्पग्राम के निर्माण हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा प्रायोजना की प्रस्तावित लागत रू0 29928.29 लाख के सापेक्ष संशोधित लागत रू0 23185.26 लाख पर अनुमोदित करते हुए सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिये गये :-

(1) परियोजना के क्रियान्वयन में पुरातत्व विभाग और पर्यावरणीय क्लियरेन्स प्राप्त कर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(2) प्रायोजना में म्यूजियम एक्सपीरियन्स/आर्टीफैक्ट एवं आर्ट इन्सटालेशन, आडियो गाइड सिस्टम, इन्ट्रेक्टिव इन्सटालेशन, कियोस्क, वैरियस आर्टिस्ट इमेज एवं कायनेटिक स्कल्पचर, पी0ए0 सिस्टम, सी0सी0टी0वी0, ए0वी0 सिस्टम, पार्किंग मैनेजमेन्ट सिस्टम, इत्यादि हेतु प्रमुख सचिव/सचिव पर्यटन विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति जिसमें इन कार्यमदों से सम्बन्धित विभाग यथा संस्कृति एवं इलैक्ट्रॉनिक्स् विभाग द्वारा नामित सदस्य होंगे। यह समिति उक्त कार्यमदों की आवश्यकता व औचित्य एवं लागत का परीक्षण कर स्वयं संस्तुष्ट हो लेगी, जिसके द्वारा इन कार्यमदों हेतु प्रस्तावित लागत जो उक्त कार्यमद हेतु प्रायोजना में प्रस्तावित लागत से अधिक न होगी, की सीमा तक प्रायोजना की लागत संशोधित समझी जायेगी।

(3) परियोजनान्तर्गत भवन निर्माण में कतिपय विशिष्टियां जैसे Polyurethane sheets, Granite stone, Agaria marble stone flooring, Agra red stone flooring, Farbo Flocked floor cover, Vinyl flooring, False ceiling, Acoustical wall panelling, Framesless spider glazing, Toughed glass, Modular toilet cubicles, White marble jali, 12W/24W LED suface/suspended mounted down light, LED ceiling-recessed luminaire, LED Circular Cylindrical surface-mounted down light, Dust shock & weather (jet) proof Luminaire, Concrete embedded low LED Luminaire, Flexible Linear Luminaire. आदि जो लोक निर्माण विभाग की निर्धारित विशिष्टियों से उच्च है, के प्रयोग पर नियमानुसार सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करके ही निर्माण कार्य कराया जाय।

(4) अनुमोदित परियोजना लागत के सम्बन्ध में व्यय वित्त समिति द्वारा दिये गये सुझाव/निर्देशों का अनिवार्यत: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।

(5) उक्त परियोजना के निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात निर्माण की गुणवत्ता एवं अनुरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था का उत्तरदायित्व निर्धारण तथा आंकलित लागत के अतिरिक्त अन्य सम्भावित मद (यदि कोई हो) के लिये भी व्यवस्था का आंकलन विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाय, ताकि बाद में वृद्धि का अवसर न रहे।

(6) पूर्व निर्मित पुराने भवनों/स्ट्रक्चर के ध्वस्तीकरण हेतु वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-1 व खण्ड-5 लोक निर्माण विभाग के अनुरक्षण मैनुअल पार्ट-2 (भवन), उ0प्र0 कार्य नियमावली 1975 तथा अन्य सुसंगत प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

5- व्यय वित्त समिति द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रस्तावित ताज ओरिएन्टेशन सेन्टर**,** शिल्पग्राम के निर्माण हेतु तथा व्यय वित्त समिति द्वारा परियोजना की अनुमोदित लागत

http://sirsamadesh.up.nic.in

रू0 23185.26 लाख पर तथा परियोजनान्तर्गत प्रयुक्त होने वाली उच्च विशिष्टियों पर सक्षम स्तर से अनुमोदन प्रदान किया गया है।

6- अवस्थापना विकास विभाग द्वारा आगरा में ताज ओरिएन्टेशन सेन्टर, शिल्पग्राम के स्थापना के लिए अवस्थापना विकास कोष से रू0 5.00 करोड की धनराशि की स्वीकृति शासनादेश सं0 217/83-अव0-16-116 (अव0)/12, दिनांक 29.03.2016 द्वारा प्रदान की गयी है। उक्त शासनादेश दिनांक 29.03.2016 में उल्लिखित शर्तो एवं उपबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

अत: अनुरोध है कि आगरा में ताज ओरिएन्टेशन सेन्टर, शिल्पग्राम के निर्माण के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(नवनीत सहगल)
प्रमुख सचिव

संख्या-55/2016/509 (1)/41-2016 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- प्रमुख स्टाफ आफीसर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग/वित्त विभाग/ सूक्ष्म लघु एवं उद्यम मध्यम विभाग/नियोजन विभाग/राजस्व विभाग/लोक निर्माण विभाग/वन विभाग/नगर विकास विभाग/आवास विभाग/संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- आयुक्त आगरा मण्डल आगरा।
4- जिलाधिकारी, आगरा
5- निदेशक, म्यूजियम ए0एस0आई0, मुख्यालय, नई दिल्ली।
6- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, उ0प्र0 लखनऊ।
7- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली।
8- राष्ट्रीय अभिलेखागार, भारत सरकार नई दिल्ली।
9 उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा।
10- नगर आयुक्त, आगरा/नगर निगम, आगरा।
11- अधीक्षण, पुरातत्वविद्, ए0एस0आई0 सर्किल आगरा
12- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
13- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(शिव कुमार पाठक)
उप सचिव।

http://srasanadesh.upnic.in